उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

-----

**लगातार वर्षा के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) हेतु निर्धारित तिथियों में परिवर्तन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– सितम्बर 03 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत **शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी)** की कार्यवाही प्रदेश के विभिन्न पीएसी वाहिनी एवं रिजर्व पुलिस लाइन्स में दिनांक 08–09–2026 से प्रस्तावित है।

**2–** वर्तमान में प्रदेश में लगातार वर्षा के कारण अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा, परीक्षा की निष्पक्षता तथा परीक्षा प्रक्रिया के सुचारू संचालन के दृष्टिगत दिनांक 08–09–2026 से प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। **अब यह शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 14–09–2026 से आयोजित की जायेगी।**

**3–** उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के **शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के संशोधित प्रवेश पत्र दिनांक 07–09–2026 को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर अपलोड किया जायेगा,** जिन्हे अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर अपना संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। **संशोधित तिथियों हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व तिथियों हेतु निर्गत प्रवेश पत्र मान्य नही होंगें।**

**4–** अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर गहत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेंगी।

**(सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज)**
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ